# जिला कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

**झुंझुनूं ।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने गत वर्ष व हाल ही में की गई बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु भूमि आवंटन सहित अन्य कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

साथ ही, पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को बजट में स्वीकृत सड़कों के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। होली पर पानी की आपूर्ति बढ़ाने के निर्देश जिला कलेक्टर ने पेयजल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि होली के अवसर पर पानी की आपूर्ति को सुचारू रखा जाए और आवश्यकतानुसार इसे बढ़ाया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने विद्युत आपूर्ति व मौसमी बीमारियों की स्थिति पर भी अधिकारियों से चर्चा की। ओलावृष्टि से हुई फसल क्षित का होगा आंकलन

बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों ने ओलावृष्टि से हुई फसलों की क्षित की जानकारी दी। इस पर कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गिरदावरी कार्य को शीघ्रता से पूरा कर प्रभावित किसानों की सहायता के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

कलेक्टर रामावतार मीणा ने जिले के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर यात्रियों की सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निजी व रोडवेज बस स्टैंड पर आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया जाए। साथ ही, दिव्यांगजन के लिए रैंप व व्हीलचेयर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के आदेश दिए।



कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की ।

**फायर सेफ्टी और चिकित्सा सेवाओं पर विशेष ध्यान :** नगर परिषद आयुक्त दिलीप पूनिया को निर्देश दिए गए कि सभी व्यावसायिक भवनों व अस्पतालों में फायर फाइटिंग सिस्टम की जांच सुनिश्चित करें। वहीं, सीएमएचओ को निर्देश दिए कि निजी अस्पतालों में चिकित्सा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें।

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में तेजी लाने के निर्देश :** बैठक में जिला रसद अधिकारी को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत वंचित परिवारों के नाम जोड़ने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवार इस योजना का लाभ उठा सकें।

**यह रहे मौजूद :** बैठक में झुंझुनू एसडीएम हवाई सिंह यादव, एसीईओ रामनिवास चौधरी, जिला रसद अधिकारी डॉ निकिता राठौड़, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता महेंद्र सिंह झाझडिया, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राज्यपाल सिंह, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक घनश्याम गोयल, समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल पूनिया, एपीआरो विकास चाहर, पर्यटन विभाग के उपनिदेशक देवेंद्र चौधरी, सांख्यिकी विभाग की उपनिदेशक पूनम कटेवा सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे ।

## ग्राम पंचायत सीतसर में सेंकड़ों कृषकों ने करवाया पंजीकरण

**रतनगढ़।** राज्य के किसानो से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु उक्त परिप्रेक्ष्य के तहत राज्य सरकार के आदेशानुसार ग्राम पंचायत सीतसर में लगाये जा रहे तीन दिवसीय किसान पंजीयन शिविर में मंगलवार को दुसरे दिवस शिविर प्रभारी दिलीप कुमार सोनी ने शिविर की महता पर उपस्थित ग्रामीण जनो को विस्तार पुर्वक जानकारी दी साथ ही पंचायतराज विभाग ओर समाज कल्याण विभाग की योजना की जानकारी दी। शिविर में पुशपालन विभाग के डॉ ओमप्रकाश मिल द्वारा पशुओ को लगने वाले टीकाकरण की जानकारी दी। मंगलवार तक कुल 300 किसानो ने कृषि भूमि का रजिस्ट्रेशन किया गया। शिविर में किसनाराम पुनियां, पटवारी सुशील शर्मा, पन्नालाल ने किसानों के भुमि सत्यापन का कार्य किया और कनिष्ठ सहायक जुहार सिंह, कृषि पर्यवेक्षक मुकेश, क. स. आशिष, बीसीआई गोरवर्धन सिंह ने ई-केवाईसी और हेल्प डेस्क का कार्य किया।

# चोरी की गई गाडी बोलेरो कैम्पर गाडी को पुलिस ने किया बरामद

■ राजगढ में ट्रान्सपोर्ट कम्पनी के आगे से अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी की गई गाडी बोलेरो कैम्पर गाडी बरामद कर थाने लाई गई बोलेरो कैम्पर गाडी

**सादुलपुर,** (ओमप्रकाश)। कस्बा राजगढ की एक ट्रान्सपोर्ट कम्पनी के सामने खडी बोलेरों कैम्पर गाडी चोरी मामले में राजगढ थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए गांव कांधराण के जोहड से बोलेरो कैम्पर गाडी को बरामद करने में सफलता हासिल की है।

थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि स्थानीय पुलिस अधिकारियों के सुपरविजन में बोलेरो कैम्पर गाडी नम्बर आरजे 10 जीए 5654 को कांधराण गाँव की रोही गोचर भूमि से मंगलवार को बरामद कर लिया गया है। शाम पांच बजे दी जानकारी के अनुसार चोरी हुई बोलेरो कैम्पर गाडी में अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु टीम गठीत की गई। प्रकरण में बरामद शुदा वाहन की अनुमानित कीमत ०4 लाख रूपये है। गौरतलब है कि एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के बाहर खडी बोलेरो केम्पर जीप को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था। जिसको लेकर दिनांक ०2 मार्च 2025 को नीतीश कुमार स्वामी उम्र 25 साल निवासी भगेला ने मामला दर्ज करवाकर बताया था कि वह एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में बोलेरो कैंपर में चालक है तथा दिनांक 28 फरवरी 2025 को सुबह 9.10 बजे कंपनी के बाहर केम्पर जीप को खडा किया था, जो कल दिनांक तक वही खडी थी।

दर्ज मामले में बताया कि दिनांक ०1 मार्च 2025 को सुबह देखा तो बोलेरो कैंपर जीप गायब मिली। पूछताछ करने के बाद भी कोई पता नहीं चला था, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति बोलेरो कैंपर जीप को चोरी कर ले गया। जिसका लेकर राजगढ थाना पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। कार्यवाही में पुलिस थाना राजगढ की टीम सदस्य राजेश कुमार सिहाग पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना राजगढ, रामनिवास सउनि, सुनिल कुमार हैडकानि, रवि कुमार कानि, सन्दीप कुमार कानि, सज्जन सिह कानि व कुलदीप कानि आदि शामिल रहे।

## रात को दुकान का ताला तोड़कर 45 हजार रुपए पार किए

**झुंझुनूं।** बीती रात को शहर के मंड्रेला रोड स्थित एक दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी से हाथ साफ कर दिया। जानकारी के मुताबिक मंड्रेला रोड बाईपास निवासी अरविंद पुत्र दयाराम ने बताया कि घर के पास उनका धर्म कांटा और हार्डवेयर की दुकान हैं। शाम को दुकान के ताला लगाकर घर चले गए। रात को चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखे 45 हजार रुपए नगदी चुरा लिए। उन्होंने बताया कि जिस गेट का ताला तोड़ा वो घर के अंदर की तरफ था। सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो ताला टूटा हुआ मिला। और उसके पास लोहे का सरिया भी मिला। अंदर जाकर देखा तो दंग रह गए। गल्ले में रखे 45 हजार रुपए गायब मिलें। इस संबंध में कोतवाली थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

## गांव इंदासर और गोठया छोटी को मिलाकर नई पंचायत बनाने की मांग

**सादुलपुर ।** गांव इंदासर ओर गोठया छोटी को नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग कर ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौपा है। इसी दौरान चूरू सांसद राहुल कस्वा मौजूद रहे। दोपहर दो बजे दी जानकारी में गांव के सुरेश बिजारणिया, रणवीर ढाका इंदर सिंह, राकेश कुमार, सत्यपाल ढाका, पवन कुमार, श्रवण ढाका, रणजीत कस्वा, सतवीर सिंह, पवन कुमार, हवा सिंह, चंद्रपाल, सत्यवान राजकुमार, मुकेश कुमार, राम सिंह अनिल कुमार, रामचंद्र, नोरंग राम, बलवान सिंह, खुशीराम सहित दर्जनों ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन में बताया कि गांव इंदासर ओर गोठया छोटी वर्तमान में ग्राम पंचायत गोठया बडी पंचायत में आते हैं। तथा सरकार द्वारा पंचायत का परिसीमन कर पंचायत को छोटी करने की प्रक्रिया चल रही है। उसके नियम से वर्तमान पंचायत बडी है ग्रामीणों ने गोठया बडी पंचायत का परिसीमन करने की मांग करते हुए गांव इंदासर ओर गोठया छोटी दोनों गांव को मिलाकर नई पंचायत बनाने का मांग की है। तथा पंचायत हेडक्वार्टर इंदासर को बनाने के लिए दोनों गांव पूर्ण सहमत है।

ज्ञापन में बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 52 के नजदीक इंदासर से गोठया छोटी के बीच की दूरी लगभग तीन किलोमीटर है तथा सरकार की जो गाइडलाइन नई पंचायत को बनाने के लिए जारी किया उसके अनुरूप दोनों गांव की पंचायत राज्य सरकार की शर्तों को पूरी करती है। ज्ञापन में बताया कि सरकार के निर्देशानुसार पंचायत की जनसंख्या 2001 की जनगणना के अनुसार 2000 होनी चाहिए, जबकि इन दोनों की जनसंख्या 2011 की जनगणना अनुसार इंदासर की 1113 तथा गांव गोठया छोटी की 1120 दोनों की कुल जनसंख्या 2023 है।

## चार साल बाद आएंगे झुंझुनूं के निर्माणाधीन पुलिया के अच्छे दिन

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन के पास निर्माणाधीन पुलिया के अब अच्छे दिन आएंगे। पिछली सरकार के समय अचानक 2021 में बंद हुए काम को फिर से ना केवल गति मिलेगी। बल्कि मांग के अनुसार अब यह पुलिया टू लेन की जगह फोर लेन का बनाया जाएगा। हाल ही में विधानसभा में सरकार ने विधायक राजेंद्र भांबू द्वारा पूछे गए सवाल पर यह जवाब दिया है। सरकार ने कहा है कि रूडसिको द्वारा दो लेन से चार लेन आरओबी की राशि 51.88 करोड़ रूपए की संशोधित स्वीकृति के लिए प्रस्ताव रेलवे की अनुमति के लिए भिजवाया गया है। जहां से अनुमति मिलते ही स्वीकृति जारी होगी और इसका काम शुरू हो जाएगा। जिसके बाद क्षेत्र के लोगों में खुशी है। इस पुलिया के निर्माण से ना केवल घंटों तक लगे जाम से लोगों का समय बचेगा। बल्कि वाहनों का ईंधन बचेगा। यही नहीं निर्माणाधीन पुलिया के कारण इलाके के लोगों के सामने आ रही परेशानी भी दूर होगी। कई बार इसके लिए प्रदर्शन और आंदोलन भी हो चुके है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत को जब झुंझुनूं जिले का प्रभारी बनाया गया था और वे पहली दफा झुंझुनूं आए थे। तभी उन्होंने भरोसा दिलाया था कि वे इस पुलिया का निर्माण चालू करवाकर रहेंगे। इसके बाद अधिकारियों के साथ हुई बैठकों में यह बात भी आई कि पहले यह पुलिया टू लेन बनना था। जो ट्रेफिक के लिहाज से छोटा रहेगा। इसलिए अब इस पुलिया को फोर लेन में परिवर्तित कर इसके निर्माण का सरकार पूरा खाका तैयार कर चुकी है। मंत्री गहलोत और बाद में झुंझुनूं विधायक भांबू, दोनों के प्रयासों से भजनलाल सरकार ने इसी अनुमति दी है।

## वाहनों पर बकाया ई-रवन्ना जुर्माना राशि पर छूट

**झुंझुनूं।** जिला परिवहन कार्यालय ने खान व भू विज्ञान विभाग से प्राप्त रिकॉर्ड के अनुसार बकाया ई-रवन्ना वाले भार वाहनों के पंजीयन निरस्त करने की तैयारी कर ली है। परिवहन कार्यालय द्वारा उक्त चार हजार 744 वाहनों के वाहन स्वामियों को नोटिस जारी किए गए हैं। डीटीओ डॉ. मक्खनलाल जांगिड़ ने बताया कि अभी तक कार्यालय द्वारा एक हजार 683 नोटिस जारी किए जा चुके है। शेष बचे वाहनों के नोटिस की प्रक्रिया जारी है। विभाग द्वारा की जा रही इस कार्यवाही से बचने के लिए वाहन स्वामी अपने वाहनों पर बकाया ई-रवन्ना जुर्माना राशि पर भारी छूट का लाभ प्राप्त करके इन प्रकरणों का निपटारा कर सकते हैं। इसके लिए परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा एमनेस्टी योजना लागू की गई।

# देश के दूसरे वृंदावन धाम झुंझुनूं में मनाया जाएगा तीन दिवसीय फागोत्सव

■ देशभर से आएंगे श्रद्धालु, 500 घी के दीपक भी जलाकर मनाएंगे बाबा पुरूषोत्तमदास का 500वां जन्मोत्सव, कोलकाता से आएंगे फूल, झारखंड से आएंगे मंदिर सजाने वाले

**झुंझुनूं।** देश के दूसरे वृंदावन, यानि कि झुंझुनूं के भड़ौंदा गांव में तीन दिवसीय फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश के कोने-कोने से श्रद्धालु आएंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बिहारीजी मित्र मंडल की ओर से कार्य शुरू कर दिया गया है। वहीं तीन दिन तक चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार कर ली गई है।

आयोजन समिति के सदस्य बंटी सुलतानिया ने बताया कि इस बार कोलकाता से करीब 500 किलो फूल मंगवाए गए है। इन फूलों से मंदिर को जंगल थीम पर सजाने के लिए झारखंड से कलाकार आएंगे। इसके अलावा झारखंड के कलाकारों द्वारा ही थर्माकॉल, पीओपी व फूलों आदि से बाबा पुरूषोत्तमदास के जीवन का सजीव चित्रण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार बाबा पुरूषोत्तमदास का 500वां जन्मदिन है। इसलिए यह फागोत्सव ऐतिहासिक और भव्य रूप में मनाया जा रहा है। बाबा के जन्मोत्सव के दिन 10 मार्च को शाम को 500 घी के दीपक से दीपदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन के पहले दिन नौ मार्च को विशाल पदयात्रा बिहारीजी मंदिर चिड़ावा से शुरू होगी। जो अरड़ावता और श्यामपुरा मटाना होते हुए वृंदावन पहुंचेगी। इससे अगले दिन 10 मार्च को दिनभर कार्यक्रम चलेंगे। सुबह पंचकुंडीय महायज्ञ होगा। दो बजे से सुभाष कुल्थिया कोलकाता, मनहर व्यास आसनसोल तथा श्रुति पारासर बैंगलोर द्वारा बाबा के जीवन पर बनाया गया अखंड पाठ करेंगे। इस दौरान 56 भोग की झांकी सजाई जाएगी। वहीं शाम को दीपदान तथा रात को नौ बजे बाबा के समाधि स्थल पर भजनों का कार्यक्रम होगा। अगले दिन 11 मार्च को सुबह फागोत्सव मनाया जाएगा। रंग और अबीर से होली खेली जाएगी। इसके बाद दोपहर को 56 भोग की झांकी और महाभोग सवामणी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों में प्रकाश सुलतानिया, सौरभ-राहुल सुलतानिया समेत मंडल के अन्य कार्यकर्ता लगे हुए है।

## विधायक गोदारा ने ग्रोवल सड़कों के निर्माण का उठाया मुद्दा

**रतनगढ़।** राजस्थान विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक पूसाराम गोदारा ने रतनगढ़ ग्रामीण क्षेत्र में ग्रोवल सड़कों के निर्माण का मुद्दा सदन में उठाया। विधायक ने पंचायत समिति रतनगढ़ में वर्ष 2024-25 में महात्मा गांधी नरेगा योजना में ग्राम पंचायतों व जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्ताव में से कुल 546 ग्रोवल सड़कों में से केवल 25 कार्य ही ग्रोवल सड़कों के स्वीकृत किए जाने एवं निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर नाराजगी जताई। विधायक ने बताया कि रतनगढ़ में ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा ढाणियों में आने जाने के लिए कच्चे रास्तों से होकर जाना पड़ता है, आमजन एवं किसानों को अत्यधिक परेशान होना पड़ रहा है। विधायक ने स्वीकृति एवं निर्माण से वंचित ग्रोवल सड़कों को शीघ्र निर्माण के लिए सदन में मंत्री से कहा। जिस पर मंत्री द्वारा शीघ्र ही वंचित ग्रोवल सड़कों के निर्माण हेतु जिला परिषद एवं पंचायत समिति को निर्देश देकर शीघ्र ही शुरू करवाने का सदन में आश्वाशन दिया।

## आठ को लगेगा रक्तदान शिविर

**झुंझुनूं।** जिले के मरोत का बास में आठ मार्च शनिवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर स्व. अमीलाल महला की नौवीं पुण्यतिथि के मौके पर गांव में ही सुबह सवा नौ बजे से शाम छह बजे तक रक्तदान शिविर चलेगा। शिविर में रक्तदाताओं का सम्मान भी किया जाएगा। साथ ही स्व. अमीलाल महला को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

## राशि जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 मार्च

**झुंझुनूं।** डीटीओ डॉ. मक्खनलाल जांगिड़ ने बताया कि विभाग द्वारा 10 जुलाई 2024 को अधिसूचना जारी कर भार वाहनों के मोटर वाहन कर की दरों में परिवर्तन किया गया था।

उक्त परिवर्तन के उपरांत राज्य में 16 हजार 500 किलोग्राम से उपर के जीवीडब्लू वाले समस्त भार वाहनों पर 10 जुलाई 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अंतर की कर राशि राजकोष में जमा करवाई जानी है। भार वाहन स्वामी बकाया कर राशि तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 की कर राशि 15 मार्च तक आवश्यक रूप से जमा करवाना सुनिश्चित करें। वाहन कर जमा नहीं करवाए जाने पर नियमानुसार जुर्माना राशि आरोपित की जाएगी।

# खेतड़ीनगर में 54 वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर कर्मचारियों ने ली सुरक्षा की शपथ

**खेतड़ी।** खेतड़ीनगर के केसीसी प्रोजेक्ट के कंसनट्रेटर प्लांट परिसर में मंगलवार को 54 वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केसीसी कार्यपालक निदेशक जीड़ी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि उप महाप्रबंधक (सांद्रक) वीके इंद्रा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुनिल कटेवा थे, जबकि अध्यक्षता ऑफिर्सस एसोसिएशन अध्यक्ष सवाई सिंह सिराधना ने की।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने झंडारोह कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि जीडी गुप्ता ने कहा कि दुर्घटनाएं राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को दुबर्ल बनाती है, जिसका जीता जागता उदहारण कोलिहान खदान में हुआ हादसा है। करीब दस माह बीत जाने के बाद भी अभी तक कोलिहान खदान में कार्य शुरू नही हुआ, जिससे प्रोजेक्ट को पिछले वर्ष की अपेक्षा कम मुनाफा हो रहा है।



54 वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया ।

उन्होंने कहा कि कार्य करते समय सुरक्षा का ध्यान रखना जरूरी है, कर्मचारी सुरक्षित रहेगा तो उसका परिवार व प्रोजेक्ट भी सुरक्षित रहेगा। खदान में उत्पादन करना जितना जरूरी है उतना ही सुरक्षित रहना भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि हमारा शुन्य दुर्घटना का लक्ष्य है। वीके इंद्रा ने कार्यक्रम की रूप रेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुरक्षा और कल्याण विकसित भारत के लिए अत्यावशक थीम पर सुरक्षा दिवस मनाया जा रहा है। वर्ष 2023 में 13 दुर्घटनाएं हुई थी, जो 2024 में कम हुई, लेकिन कोलिहान हादसा बहुत बड़ा हादसा था।

उन्होंने कहा कि कार्य स्थल पर कार्य करते समय सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करे, सफाई का ध्यान रखे, कार्य की पुरी जानकारी होना, मशीनों की समय-समय पर मरम्मत जरूर करें। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि ने सेफ्टी पार्क का उदघाटन किया। इस दौरान कर्मचारियों व

■ सुरक्षा मापदंडो पर कार्य करने वाले कर्मचरियों का किया सम्मान

अधिकारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस मौके पर सुरक्षा के मापदंढों पर कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रोजेक्ट में कार्य करते समय हादसे में खत्म हुए कर्मचारियों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजली दी। इस मौके पर केसीसी महाप्रबंधक (खदान) पीड़ी बोहरा, सजू सीसेम, एस शिवदर्शी, मयूख चटर्जी, डा. सूजिता, केटीएसएस महामंत्री बिड़दूराम सैनी, राहुल रॉय सिन्हा, देवेंद्र वर्मा, अवशेष छटवार, राजकुमार बाडेटिया, अशोक पुनिया, नीरज मीणा, डॉ गोपाल राठी, नागेश राजपुरोहित, राजवीर सिंह, रामलाल वर्मा, चरण सिंह सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

## करोड़ों रुपए का दान देकर अमेरिकन प्रवासी डॉ. राजेंद्र सिंह लुणायच कैरू राजकीय विद्यालय के प्रति हुए भावुक

**नवलगढ़।** स्वतंत्रता सैनानी स्वर्गीय रामलाल सुंडा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कैरु में कैरु निवासी एवं अमेरिका प्रवासी डॉ. राजेंद्र सिंह लुणायच, जिन्हें विश्व में फादर ऑफ वॉयरलैस कम्यूनिकेशन के रूप में जाना जाता हैं। वे अपनी बहन मोहिनी देवी के साथ अपने पैतृक गांव कैरु के विद्यालय में पधारने पर एक भव्य स्वागत के साथ इनका अभिनंदन किया गया। जिसमें मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक एवं कैरु विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी उम्मेद सिंह महला, सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश कैरु सहित गांव के गणमान्य लोग उपस्थित थे। संस्था प्रधान आशा मीणा के निवेदन पर विद्यालय को पांच कक्षा कक्ष मय स्मार्ट बोर्ड और स्मार्ट फर्नीचर, 10 लेटेस्ट जेनरेशन कंप्यूटर, पांच किलोवाट का पूरे विद्यालय के लिए सोलर प्लांट, विद्यालय परिसर के लिए इंटरलॉक, स्कूल का भव्य मुख्य द्वार, पेयजल के लिए ट्यूबवैल एवं कृषि संकाय के लिए संभावित दो हेक्टेयर कृषि भूमि का दान डॉ. राजेंद्र सिंह लुणायच ने अपने माता-पिता स्वर्गीय रूकमणी देवी एवं स्वर्गीय चैनसिंह लुणायच की स्मृति में किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में 1960 के दशक में आने वाली विषम परिस्थितियां होने के बावजूद भी पढ़ाई एवं जीवन की सफलताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यालय के सामने भविष्य में आने वाली किसी भी आवश्यकता के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर भामाशाह मोहिनी देवी ने विद्यालय को मिठाई एवं उपहार दिए। विद्यालय प्राचार्य बालचंद सोडा एवं स्टाफ ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## सार-समाचार

### अतिक्रमण मुक्त झुंझुनूं अभियान

**झुंझुनू।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार नगर परिषद व यातायात पुलिस झुंझुनू के द्वारा पिछले एक सप्ताह से अतिक्रमण मुक्त झुंझुनू अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत पहले अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों, ठेला चालकों आदि से समझाइश की गई। इसके बाद काफी संख्या में दुकानदारों ने स्वेच्छा से भी अतिक्रमण हटाए हैं। नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनिया ने बताया कि कुछ ठेला चालकों व दुकानदारों ने सड़क के ऊपर तक अतिक्रमण कर रखा था, जिनसे समझाइश के बाद हटाया गया है। शनिवार व रविवार को अतिक्रमण हटने के बाद शहर की सड़कें अब खुली खुली नजर आ रही है। रविवार को गांधी चौक में भी समझाइश की गई है एवं दुकानदारों से स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की अपील की गई है। ताकि अतिक्रमण दस्ते द्वारा कार्रवाई के दौरान किसी तरह की सुविधा नहीं हो। अतिक्रमण हटने के बाद में दुकानदारों व आम लोगों ने भी खुशी प्रकट की है।

### सीवरेज परियोजना के बताए लाभ

**रतनगढ़।** आरयूआईडीपी अधिशाषी अभियन्ता आर डी गर्ग के निर्देशन में सेठ बंशीधर जालान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड ने सीवरेज परियोजना के बारे मे विस्तार से जानकारी देते हुवे बताया गया कि हमारे घरों के स्नानघर व रसोई, शौचालय सीवरेज लाईन से जुडने के बाद परियोजना कार्य पूर्ण होगा, जिससे हमारे शहर में स्वच्छता के साकारात्मक बदलाव होंगे। कविता स्वामी ने परियोजना के लाभ बताते हुये विधार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता घरेलू साफ-सफाई के बारे मे बताया गया। कार्यक्रम मे शिक्षका सन्तोष कंवर, उर्मिला देवी, पारुल गुप्ता, अलका ओझा, आदी ने भाग लिया। कार्यक्रम संचालन शारीरिक कन्हैया लाल ने किया। वाईस प्रिंसीपल कमल कुमार ने कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया।

### सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण दल रवाना

**झुंझुनूं।** कृषि विभाग की आत्मा योजनान्तर्गत जिले के विभिन्न गांवों के 40 कृषकों के प्रशिक्षण दल को सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण के लिए राज्य के बाहर भेजा गया है। यह दल मंगलवार को यहां से रवाना हुआ। जिसे संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) डॉ. राजेंद्रसिंह लाम्बा व सहायक निदेशक कृषि (वि.) सविता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) शीशराम जाखड़ ने बताया कि सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण चार से 10 मार्च तक राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल (हरियाणा) में आयोजित किया जाएगा। जिसमें कृषकों को वैज्ञानिक विधि से पशुपालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा संस्थान के आस-पास के अनुसंधान संस्थानों का भ्रमण भी करवाया जाएगा। प्रशिक्षण दल की रवानगी के समय कृषि अधिकारी प्रवीण कुमार, नरेंद्र कुमार, रवि रेपस्वाल व विजय ढाका, जयचंद भड़िया, कृषि पर्यवेक्षक संत कुमार, तपेश कुमार, इमरान खान आदि मौजूद थे। उप परियोजना निदेशक आत्मा प्रमोद कुमार व सहायक कृषि अधिकारी विकास कुमार प्रशिक्षण दल के प्रभारी अधिकारी, प्रशिक्षण के दौरान कृषकों के साथ रहेंगे।

### आवेदन नौ मार्च तक

**झुंझुनूं।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम मे भाग लेने के लिए आवेदन मांगे है। वहीं 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा प्रतिभागी माय भारत पोर्टल पर नौ मार्च तक आवेदन कर सकते है। जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा। प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने के बाद एक मिनट का वीडियो अपलोड करना होगा। जिसका विषय ''आपकी दृष्टि मे विकसित भारत का क्या अर्थ है'' इस विषय पर आने वाले वीडियो में से 150 उत्कृष्ट वीडियो का चयन किया जाएगा। इसके बाद 150 प्रतिभागियों को नोडल राजकीय लोहिया महाविद्यालय चूरू मे एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर विचार रखने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। जिला स्तरीय प्रतिभागियों मे से श्रेष्ठ 10 प्रतिभागियों का चयन निर्णायक मंडल द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों मे को संसद में अपने विषय को प्रस्तुत करने के लिए भेजा जाएगा।

### शिविर का किया अवलोकन

**चूरू।** जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार मंगलवार को चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने नाकरासर ग्राम पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री शिविर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप प्रत्येक किसान की फार्मर आईडी बने। किसानों को कृषक कल्याण योजनाओं का भरपूर लाभ मिले। शिविरों में किसानों को फैसिलिटेट करते हुए विभागीय योजनाओं के बारे में जागरूक करें। उन्होंने संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को शिविर व्यवस्थाओं के समुचित प्रबंधन के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार अशोक गोरा, भू-अभिलेख निरीक्षक रामनिवास, पटवारी नरेन्द्र सहारण, देवेन्द्र सिंह, धर्मपाल महर्षि, महेश रैगर, नरेश, कृष्ण कुमार, रमेशचंद्र, कैलाश चंद्र शर्मा व ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्राम मझाऊ कालिका मंदिर में भंडारा

**गुढ़ागौड़जी।** क्षेत्र के सिंगनौर ग्राम पंचायत के श्री श्री 1008 घनश्यामनाथ महाराज की पुण्य तिथि के उपलक्ष में ग्राम मझाऊ स्थित कालिका माता मंदिर के वार्षिक वर्षों में परम पूज्य महंत श्रीनाथ महाराज पीठाधीश्वर श्रीनाथ आश्रम द्वारा रात्रि जागरण में भजनों की प्रस्तुति दी गई। सुबह भंडारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। बाहर से पधारे संतों को भेंट देकर विदा किया गया। भंडारे में काफी संख्या में मेहमान संतो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस पर समाजसेवी गुरुराम कुलहरि ने बताया कि संतों के मिलन से सभी सेवक ग्रामीणजन अपने आप को धन्य मान रहे है। इस अवसर पर रामकुमार सिंह, जयसिंह कुमावत, जगमाल मूंड, सुलतानसिंह, प्रभुसिंह, हरिराम शर्मा, राजू मूंड, नेमीचंद जांगिड़, श्रीराम देवता, मदनलाल जाखड़, भंवरलाल, मनोज शर्मा, महावीर, ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।

### जन्म दिवस पर गायों को गुड़ खिलाया

**तारानगर।** तारानगर के भाजपा शहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड़ के नेतृत्व में यूथ हॉस्टल एसोसिएशन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पराक्रमसिँह राठौड़ का जन्म दिवस गोपाल गौशाला में गायों को गुड़ खिलाकर मनाया। कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर एक दूसरे को राठौड़ के जन्म दिवस की बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मोके पर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, पार्षद हरी इंदौरिया, विशाल शर्मा, जमरदीन तेली, मोहम्मद तैयब, गुलाब सोलंकी, नरेश झाझड़िया, चुन्नीलाल सैनी, शिव कुमार शर्मा, वासुदेव शर्मा सहित काफी लोग मौजूद रहे।

### होली के रंग दादीजी के संग कार्यक्रम 14 मार्च को

**चूरू।** ढ़ांढ़ंण वाली दादीजी का टाबरिया परिवार की ओर से होने वाले होली के रंग दादीजी के संग कार्यक्रम आगामी 14 मार्च को स्थानीय सत्संग भवन में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के संजय बजाज ने बताया कि प्रतिवर्ष होने वाले इस होली उत्सव व भजन संध्या में सूरत की वर्षा सोनी, फतेहपुर की कृष्णा किशोरी व्यास, चूरू के हिमांशु चोटिया, मेहुल शर्मा व आशीष डीडवानिया अपनी मधुर वाणी से भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। बजाज ने बताया कि कार्यक्रम में मां ढ़ांढ़ंण वाली की दिव्य ज्योत, चुनरी उत्सव, गजरा उत्सव व कोलकाता के कलाकारों द्वारा दादी का अलौकिक श्रृंगार आकर्षण का केंद्र होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 14 मार्च शुक्रवार को सांय 5 बजे मां ढ़ांढ़ंण वाली की दिव्य ज्योत प्रज्ज्वलित कर किया जायेगा।

### जगकल्याणी फागोत्सव में काशी माली एण्ड पार्टी मचायेगी धूम

**सीकर।** जग कल्याणी दुर्गा पूजा समिति की ओर से रविवार को कल्याण विहार स्थित कार्यालय में फागोत्सव को लेकर मीटिंग की गई। मीटिंग में 12 मार्च को होने वाले फागोत्सव आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया तथा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। कार्यक्रम में फतेहपुर की काशी माली सम्भु एंड पार्टी की ओर से रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।